राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांक : प.14(44) RSMSSB/अर्थना/लि.ग्रेड–II/2016/3082 दिनांक : 29/6/2020

कार्यालय आदेश

लिपिक ग्रेड–II/कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा–2018 के अन्तर्गत दिव्यांग अभ्यर्थियों के शेष पदों तथा बैकलॉग पदों को भरने हेतु बोर्ड द्वारा दिनांक 01.06.2020 को अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध कर उनके रोल नम्बर वेबसाइट पर जारी किए गए थे। इनके दस्तावेज सत्यापन हेतु दिनांक 08.06.2020 को सूचना जारी की गई थी तथा बोर्ड परिसर में दिनांक 15.06.2020 से दिनांक 23.06.2020 तक दस्तावेज सत्यापन किया गया था।

उपरोक्त दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों मे से **अनुपस्थित** रहे अभ्यर्थियों को पुनः सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.07.2020 तथा 09.07.2020 को निर्धारित समय प्रातः 11 बजे से सांय 5 बजे तक के मध्य राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर पर पात्रता जांच हेतु आवश्यक रूप से उपस्थित हों।

उक्त दिनांक को निर्धारित समय पर उपस्थित नही होने पर अभ्यर्थियों के कनिष्ठ सहायक/लि. ग्रेड II के पद पर चयन के लिए विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव